


**आरआर ने किंग्स इलेवन पंजाब को चार विकेट से हराया**

राजस्थान रॉयल्स ने 224 रनों के लक्ष्य को हासिल कर किंग्स इलेवन पंजाब को चार विकेट से हरा दिया। रविवार को शारजाह में खेले गए मुकाबले में रॉयल्स के लिए संजू सैमसन, स्टीव स्मिथ और राहुल तेवतिया ने हाफ सेंचुरी बनाईं। तेवतिया को नंबर चार पर बल्लेबाजी करने भेजा गया। उन्होंने शुरुआत में काफी मुश्किल से रन बनाए। हालांकि पारी के 18वें ओवर में उन्होंने शेल्डन कॉटरेल के ओवर में पांच छक्के लगाकर मैच का रुख मोड़ दिया।

## पूरन के कैच पर तेंडुलकर ने जोंटी रोड्स को दिया जवाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बाउंड्री पर निकोलस पूरन की फील्डिंग की तारीफ करने के बाद सचिन तेंडुलकर ने कहा है कि चाहे जो हो जाए जोंटी रोड्स 30 गज के दायरे में सर्वश्रेष्ठ फील्डर रहेंगे। सचिन ने सोमवार को ट्वीट किया, श्जोंटी, मैं बाउंड्री लाइन की बात कर रहा था। आपके इलाके (30 गज के दायरे) में आप बेशक सर्वश्रेष्ठ थे। राजस्थान रॉयल्स के 8वें ओवर में संजू सैमसन ने मुर्गन अश्विन की गेंद पर पुल शॉट खेला। डीप मिडविकेट बाउंड्री पर पूरन ने गेंद को कैच करने के लिए बाउंड्री के ऊपर पूरी छलांग लगाई। पूरन ने अपना शरीर पूरा स्ट्रेच कर रखा था। उन्होंने गेंद को अपने बाएं हाथ से कैच किया और सेकंड से पहले ही जमीन को छूने से पहले उसे दोबारा मैदान के भीतर फेंक दिया। राजस्थान रॉयल्स ने इस दौरान दो रन बनाए। इस प्रयास के बाद कई पूर्व और मौजूदा क्रिकेटरों ने ट्विटर पर पूरन की फील्डिंग की तारीफ की। उन्होंने इसे बाउंड्री लाइन पर सर्वश्रेष्ठ फील्डिंग करार दिया। जोंटी रोड्स फिलहाल किंग्स इलेवन पंजाब के फील्डिंग कोच हैं।

# मेरे पास शानदार खेल के लिए 10 साल, झोंक दी पूरी ताकत

**क्रिकेट**

## किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ मैच में मैन ऑफ द मैच बने सैमसन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

शारजाह। शानदार फॉर्म में चल रहे राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज संजू सैमसन ने कहा कि पिछले एक साल से बल्लेबाजी में उनकी टाइमिंग अच्छी है लेकिन वह तब काफी निराश हो गए थे जब उनके कई नए प्रयोगों को कामयाबी नहीं मिल सकी । सैमसन ने पिछली दो पारियों में आक्रामक 74 और 85 रन बनाए। उन्होंने कहा, 'मैं एक साल से अच्छा प्रदर्शन कर रहा हूं और मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है। मैने कई चीजें आजमाई थीं लेकिन कामयाबी नहीं मिल रही थी। उसके बाद काफी आत्ममंथन किया और खूब मेहनत की।'

किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ बड़े स्कोर वाले मैच में मैन ऑफ द मैच सैमसन ने कहा, 'मैं पिछले साल से ही अच्छी तरह से हिट कर रहा हूं। मैं बहुत अच्छी मनोदशा में हूं और अपने खेल में किसी तरह



का बदलाव नहीं चाहता हूं। मैंने यह हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की। मैंने खुद से कहा कि मेरे पास इस शानदार खेल में 10 साल हैं और मुझे इन दस वर्षों में सब कुछ झोंक देना है।'

**स्मिथ ने कहा जीत खासः** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान स्टीव स्मिथ ने राहुल तेवतिया की एक ओवर में पांच छक्कों से सजी तूफानी पारी की जमकर प्रशंसा करते हुए रविवार को पंजाब के खिलाफ दर्ज की गई रेकॉर्ड जीत को विशेष करार दिया। किंग्स इलेवन ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर मयंक अग्रवाल (106) के शतक से दो विकेट पर 223 रन बनाए लेकिन रॉयल्स ने छह विकेट पर 226 रन बनाकर आईपीएल में सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने का रेकॉर्ड बना दिया। उसकी जीत के नायक सैमसन (85) और तेवतिया (53) रहे। तेवतिया ने शेल्डन कोटरेल के एक ओवर में पांच छक्के लगाकर मैच का पासा पलटा।

स्मिथ ने मैच के बाद कहा, 'यह जीत विशेष है। क्या ऐसा नहीं है। तेवतिया का कोटरेल के खिलाफ दिखाया गया प्रदर्शन लाजवाब था। हमने तेवतिया को जैसा नेट्स पर देखा था वही कोटरेल के ओवर में दिखा। उसने जज्बा दिखाया। उसने टाइमआउट के दौरान मुझसे कहा था कि हम अब भी जीत सकते हैं।'

किंग्स इलेवन पंजाब के कप्तान केएल राहुल ने कहा कि उनकी टीम को हार के बावजूद निराश होने की जरूरत नहीं है। राहुल ने कहा, 'यही टी20 क्रिकेट है। हमने कई बार ऐसा देखा है। हमें निराश होने की जरूरत नहीं है। हमने कई चीजें अच्छी की लेकिन आपका जीत का श्रेय उन्हें देना होगा। दबाव में गेंदबाज गलतियां कर सकते हैं। हमें मजबूत वापसी करनी होगी।' उन्होंने कहा, 'मैं अपने गेंदबाजों के साथ हूं। एक मैच बुरा हो सकता है।'

## शशि थरूर ने संजू सैमसन को बताया अगला धोनी, भड़क गए गंभीर और श्रीसंत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन की शानदार बल्लेबाजी सबका ध्यान खींच रही है। वह लगातार दो मैचों में मैन ऑफ द मैचश चुने गए हैं। सैमसन ने रविवार को किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ मैच में भी ताबड़तोड़ बैटिंग की। उन्होंने सिर्फ 42 गेंदों में 4 चौके और 7 छक्के लगाकर 85 रन बनाए। सैमसन की आतिशी पारी और रॉयल्स की जीत ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर को बड़ी पुरानी बात याद दिला दी। थरूर के मुताबिक, सैमसन जब 14 साल के थे जब उन्होंने उनसे कहा था कि वे अगले एमएस धोनी होंगे। इस बात से पूर्व क्रिकेटर और बीजेपी सांसद गौतम

- कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा, 14 साल के थे संजू सैमसन जब मिला था
- बोले– तभी कहा था तुम अगला एमएस धोनी बनोगे, बिफरे गंभीर और श्रीसंत

गंभीर सहमत नहीं दिखे। एस श्रीसंत ने भी कहा कि वह अगले धोनी नहीं, संजू सैमसन हैं।

RR के KXIP पर 4 विकेट से जीत दर्ज करने के बाद कांग्रेस सांसद ने सैमसन की तारीफ में ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, मैं संजू सैमसन को एक दशक से जानता हूं और जब वो 14 साल के थे, तब मैंने उनसे कहा था कि एक दिन वह अगले एमएस धोनी बनेंगे। वह दिन आ गया है। इस आईपीएल में उनकी दो शानदार पारियों ने बता दिया है कि एक वर्ल्ड क्लास प्लेयर आ चुका है। थरूर के ट्वीट से कई यूजर्स नाराज दिखे। उनका कहना था कि संजू सैमसन की तुलना एमएस धोनी से नहीं की जानी चाहिए।

पूर्व क्रिकेटर और बीजेपी सांसद गौतम गंभीर ने थरूर को कोट करते हुए लिखा कि संजू सैमसन को कोई अगला बनने की जरूरत नहीं है। वह भारतीय क्रिकेट के संजू सैमसन कहलाएंगे। श्रीसंत ने सिलेक्टर्स पर सवाल उठाते हुए थरूर को जवाब दिया, वह अगला धोनी नहीं है। वह संजू सैमसन है... अकेला। उसे 2015 से ही सारे फॉर्मेट्स में खिलाना चाहिए था। प्लीज उनकी तुलना मत कीजिए। अगर उन्हें सही से मौके दिए गए होते तो वह ऐसा खेल भारत के लिए दिखा रहे होते और वर्ल्ड कप जिताते लेकिन..।

## मुंबई के खिलाफ भी क्रिस मॉरिस नहीं खेले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर के डायरेक्टर माइक हेसन ने कहा कि आइपीएल 2020 में सोमवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में ऑलराउंडर क्रिस मॉरिस के नहीं खेले। मॉरिस साइड स्ट्रेन के कारण आरसीबी के प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं रहे हैं और वह फिलहाल चोट से उबर रहे हैं। हेसन ने कहा कि मूड अच्छा है। हमने पंजाब के खिलाफ अपने स्टैंडर्ड की क्रिकेट नहीं खेली। हम एक उद्देश्य के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं। वास्तव में मॉरिस चोट से अच्छी तरह उबर रहे हैं, लेकिन मुंबई के खिलाफ मैच में उनके खेलने की संभावना नहीं है। वह एक ऐसे खिलाड़ी हैं, जिसकी वापसी हम पसंद करेंगे। वह टीम को एक सही संतुलन देते हैं। आरसीबी के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर पोस्ट किए गए वीडियो में हेसन ने यह बात कही। आरसीबी के मुख्य कोच साइमन कैटिच ने भी कहा कि मॉरिस की अनुपस्थिति टीम को संतुलित करने में मुश्किल पैदा कर रही है। हम चीजों को देखेंगे। वह हमारी टीम को संतुलन देते हैं। उनकी गैरमौजूदगी में चीजों को संतुलित करना थोड़ा मुश्किल हो गया है।

## न्यूज डायरी




### रेकॉर्ड जीत के बाद बोले तेवतिया, मैंने वे 20 गेंदें सबसे खराब खेलीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** शारजाह। इंडियन प्रीमियर लीग 2020 में रविवार को शारजाह के मैदान पर किंग्स इलेवन पंजाब ने जब 223 का स्कोर बनाया और राजस्थान रॉयल्स को आखिरी पांच ओवर में 84 रनों की जरूरत थी तो लग रहा था कि मैच गया। हालांकि ग्लेन मैक्सवेलके अगले ओवर में संजू सैमसन ने तीन छक्के लगाए लेकिन मोहम्मद शमी ने सैमसन को आउट कर राजस्थान की उम्मीदों पर ब्रेक लगा दिया। पिंच हिटिंग के लिए भेजे गए राहुल तेवतिया गेंद को हिट नहीं कर पा रहे थे। लेकिन एक बार जब गेंद उनके बल्ले पर आना शुरू हुई तो फिर कमाल ही हो गया। पहली 19 गेंद पर 8 रन बनाने वाले तेवतिया ने अगली 12 गेंद पर 45 रन जड़ दिए। और राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल के इतिहास का सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने का रेकॉर्ड बना दिया। अगली 12 गेंद पर तेवतिया ने 6.0.2.1.6.6.6.6.6.0.6.6. का स्कोर बनाया। यानी सात छक्के लगाए।

### दमदार पारी देखकर बोले वीरेंदर सहवाग, तेवतिया में माता आ गई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंदर सहवाग ने राहुल तेवतिया की खूब तारीफ की है। उनकी पारी की मदद से राजस्थान रॉयल्स ने किंग्स इलेवन पंजाब को 4 विकेट से हरा दिया। शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में हुए इस मुकाबले में किंग्स इलेवन पंजाब ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर दो विकेट पर 223 का स्कोर बनाया। इसके बाद रेकॉर्ड 224 रन बनाकर मैच जीत लिया। रॉयल्स की हालत बहुत खराब थी जब मोहम्मद शमी ने 17वें ओवर में संजू सैमसन को पविलियन भेज दिया था। हालांकि तेवतिया ने शेल्डन कॉटरेल के ओवर में पांच छक्के लगाए। इसके बाद मैच का रुख बदल गया। सहवाग राजस्थान रॉयल्स के इस ऑलराउंडर का खेल देखकर खुद को उनकी तारीफ करने से रोक नहीं पाए। सहवाग ने ट्वीट किया, श्तेवतिया में माता आ गई, क्या वापसी की है, क्रिकेट भी है ऐसा है और जिंदगी भी ऐसी ही है, पलभर में बदलती है।

### पंजाब ने मुरुगन अश्विन का इस्तेमाल ठीक तरह से नहीं किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** शारजाह। इंडियन प्रीमियर लीग 2020 में रविवार को राजस्थान रॉयल्स ने किंग्स इलेवन पंजाब को चार विकेट से हरा दिया। पंजाब की टीम 224 रनों के विशाल टारगेट का बचाव नहीं कर सकी और राजस्थान की टीम ने तीन गेंद शेष रहते जीत हासिल कर ली। दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने कहा कि पंजाब ने राजस्थान के खिलाफ मैच में मुरुगन अश्विन का ठीक तरह से इस्तेमाल नहीं किया। अश्विन ने इस मैच में केवल 1.3 ओवर ही गेंदबाजी की और 16 रन दिए। पंजाब की टीम ने मुरुगन अश्विन को आखिरी ओवर फेंकने के लिए दिया, जब राजस्थान को मैच जीतने के लिए सिर्फ दो रन चाहिए थे। अंतिम ओवर में अश्विन ने रेयान पराग को आउट किया, लेकिन टॉम कुर्रन और जोफ्रा आर्चर ने राजस्थान रॉयल्स को तीन गेंद शेष रहते चार विकेट से जीत दिला दी। वे शांत रहे और शानदार तरह से पारी को आगे बढ़ाया।

### 2019 में रिकी पोंटिंग से चाहते थे शाबाशी, लेकिन किसी ने नहीं थपथपाई पीठ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स के ऑलराउंडर राहुल तेवतिया ने रविवार को शारजाह के मैदान पर खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल 2020 के 9वें मुकाबले में पंजाब के खिलाफ दबाव में ऐसी बल्लेबाजी की कि दुनिया के दिग्गज बल्लेबाज भी शर्मा जाएं। एक ओवर में 5 छक्के लगाकर उन्होंने मैच पलट दिया था, लेकिन बहुत कम लोग ये बात जानते हैं कि राहुल तेवतिया पिछले सत्र में खुद अपने लिये दाद चाहते थे, लेकिन उनको नहीं मिली। हालांकि, समय बड़ा बलवान होता है और ये अगले ही सीजन में देखने को मिल गया, जब खुद उन्हें आइपीएल 2020 में शाबाशी मिल गई।